**दिनाँक 15.02.2022 को अपराह्न 4:00 बजे सचिव, चिकित्सा स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा, उत्तराखण्ड शासन की अध्यक्षता में World Bank Funded UKHSDP के सम्बन्ध में आहूत समीक्षा बैठक का कार्यवृत्त।**

बैठक में निम्नलिखित अधिकारियों द्वारा प्रतिभाग किया गया –

1. सुश्री सोनिका, परियोजना निदेशक, यू0के0एच0एस0डी0पी0, देहरादून।
2. श्री आशीष कुमार श्रीवास्तव, महानिदेशक, चिकित्सा शिक्षा, उत्तराखण्ड, देहरादून।
3. डॉ0 तृप्ति बहुगुणा, महानिदेशक चिकित्सा स्वास्थ्य, उत्तराखण्ड, देहरादून।
4. डॉ0 आशुतोष सयाना, अपर निदेशक, चिकित्सा शिक्षा, उत्तराखण्ड, देहरादून।
5. डॉ0 प्रेम लाल, अपर परियोजना निदेशक, यू0के0एच0एस0डी0पी0, देहरादून।
6. श्री बीरेन्द्र कुमार, वित्त नियंत्रक, कार्यदल, यू0के0एच0एस0डी0पी0, देहरादून।
7. डॉ0 अमित शुक्ल, संयुक्त निदेशक, कार्यदल, यू0के0एच0एस0डी0पी0, देहरादून।
8. डॉ0 राजन अरोड़ा, सहायक निदेशक, कार्यदल, यू0के0एच0एस0डी0पी0, देहरादून।
9. सुश्री प्रियंका ध्यानी, वित्त सलाहकार, कार्यदल, यू0के0एच0एस0डी0पी0, देहरादून।

बैठक में सर्वप्रथम डॉ0 अमित शुक्ल, संयुक्त निदेशक द्वारा विगत बैठक में प्रदत्त निर्देशों की कृत कार्यवाही के सम्बन्ध में अवगत कराया गया तथा तत्पश्चात् परियोजना की भौतिक एवं वित्तीय प्रगति के विषय में प्रस्तुतिकरण दिया गया। उक्त प्रस्तुतिकरण के क्रम में अधोहस्ताक्षरी द्वारा उपस्थित अधिकारियों को निम्नलिखित निर्देश दिए गए –

- 'एपेक्स' प्रशिक्षण संस्थानों के माध्यम से पूर्व निर्धारित प्रशिक्षण कार्यक्रमों के सम्बन्ध में अवगत कराया गया कि जनवरी माह में कोविड मामलों की बढ़ती संख्या के कारण प्रशिक्षण रोक दिया गया था। वर्तमान में कोविड मामलों में कमी के दृष्टिगत अवशेष प्रशिक्षण कार्यक्रमों को मार्च, 2022 तक पूर्ण कराए जाने के निर्देश दिए गए।
- आगामी प्रशिक्षण कार्यक्रम के प्रतिभागियों से प्रशिक्षण उपरान्त कार्यक्रम के माध्यम से हुई कैपेसिटी बिल्डिंग तथा अपने दैनन्दिनी कार्य में गुणवत्ता संवर्धन होने सम्बन्धी फीडबैक प्राप्त करना सुनिश्चित किए जाने के निर्देश दिए गए।
- जनपद स्तर पर कराए जाने वाले प्रशिक्षण कार्यक्रमों हेतु चयनित एजेन्सी के माध्यम से भी प्रशिक्षण कार्यक्रम को गतिमान किए जाने हेतु निर्देशित किया गया।
- कार्यक्रम क्रियान्वयन दल में रिक्त पदों को प्राथमिकता के आधार पर भरे जाने हेतु आवश्यक कार्यवाही किए जाने के निर्देश दिए गए।
- परियोजना के अन्तर्गत संचालित समस्त कलस्टरों के सम्बन्धित प्रतिनिधियों के साथ वास्तविक समस्याओं के निराकरण एवं लम्बित कार्यों की समीक्षा हेतु प्रतिमाह बैठक आहूत किए जाने तथा अधिकाधिक Field Visit किए जाने के निर्देश दिए गए।
- परियोजना के अन्तर्गत समस्त लम्बित कार्यों को त्वरित गति से पूर्ण किए जाने तथा इस हेतु समस्त अधिकारियों/कन्सल्टेंट की जिम्मेदारी तय करते हुए कार्य में शिथिलता बरतने वालों के विरूद्ध नियमानुसार कार्यवाही किए जाने के निर्देश दिए गए।

- यू0के0एच0एस0डी0पी0 के माध्यम से कोविड इमरजेन्सी रिस्पॉन्स कार्यक्रम के अन्तर्गत चिकित्सालयों में गतिमान ICU Refurbishment कार्य के क्रम में वर्तमान में 05 चिकित्सालयों में कार्य पूर्ण कर मूल विभाग को हस्तगत किए जाने के सम्बन्ध में अवगत कराया गया। इस संदर्भ में अवशेष चिकित्सालयों में भी ICU Refurbishment कार्यों में अपेक्षित गति लाते हुए यथाशीघ्र कार्य पूर्ण कराए जाने के निर्देश दिए गए।
- राजकीय दून मेडिकल कॉलेज में प्रस्तावित BSL-III लैब की डीपीआर को आगामी दो कार्यदिवस में बैठक कर आवश्यक बिन्दुओं को समाहित करते हुए शासन में TAC हेतु अग्रसारित किए जाने के निर्देश दिए गए।
- यू0के0एच0एस0डी0पी0 द्वारा ICU Refurbishment एवं BSL-II एवं BSL-III स्तरीय लैब की स्थापना हेतु प्रोक्योरमेंट एजेन्सी के रूप में अनुबंधित M/s HLL Life Care Ltd. से सम्बन्धित कार्यों में समयबद्ध अनुश्रवण पर बल दिया गया तथा M/s HLL Life Care Ltd. अथवा अन्य किसी एजेन्सी की ओर से कार्य में किसी भी शिथिलता की दशा में नियमानुसार कार्यवाही प्रस्तावित करने तथा आवश्यकतानुसार इस सम्बन्ध में विश्व बैंक दल से भी परामर्श करने की अपेक्षा की गई।

**(कार्यवाही : कार्यक्रम क्रियान्वयन दल, यू0के0एच0एस0डी0पी0)**

अन्त में सभी प्रतिभागी अधिकारियों का धन्यवाद ज्ञापित करते हुए बैठक का समापन किया गया।

**(डॉ0 पंकज कुमार पाण्डेय)**
सचिव

**पृ0प0सं0 : 673/पी0एस0(स0)/2021–22, दिनाँक : 17 फरवरी, 2022**

**प्रतिलिपि** : समस्त प्रतिभागी अधिकारियों को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

**(डॉ0 पंकज कुमार पाण्डेय)**
सचिव